an>

title: Need to extend the time for paying premium of Crop Insurance till 15th August, 2016 to benefit the farmers of Maharashtra.

श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) : अध्यक्ष महोदया, केन्द्र सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना शुरू की है। किसानों ने भी इस योजना का काफी अच्छा साथ दिया है। पिछले तीन-चार सालों से महाराष्ट्र में गंभीर सूखे की परिस्थिति है। इस साल भारत मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान था कि महाराÂष्ट्र में मानसून देर से आयेगा, तो वह सही निकला। महाराष्ट्र में मानसून देरी से आने की वजह से, वहां किसान अभी तक खरीफ की बुवाई कर रहे हैं, लेकिन फसल बीमा योजना में प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है। महाराष्ट्र में, खासकर विदर्भ और मराठवाड़ा में जो किसान अकाल से जूझ रहे थे, वहां बैंकों ने किसानों के कर्ज की रिस्ट्रक्चरिंग करने का निर्णय लिया और यह काम अभी भी जारी होने की वजह से किसान 30 जुलाई तक प्रीमियम जमा नहीं कर सकते हैं।

इसलिए आपके माध्यम से सरकार से मेरी विनती है कि 30 जुलाई तक मोहलत को 15 अगस्त तक बढ़ाया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री धनंजय महाडीक, कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री राजू शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।